# जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

ऑफिसः द्वितीय तल, पुराना महिला हॉस्टल, पुलिस मुख्यालय के पास, लालकोठी, जयपुर -15

दूरभाष: 0141 – 2744562, 2744776 •Website: transport.rajasthan.gov.in/jctsl •Email: jctsl.bus@gmail.com


क्रमांकः-प्र.नि./जेसीटीएसएल/स्टोर/2025-26/डी- 1133 दिनांकः 26 / 06 / 2025

## खुली निविदा संख्या 01/2025-26

जेसीटीएसएल कार्यालय हेतु 05 कम्प्यूटर व 02 प्रिन्टर की आपूर्ति हेतु विनिर्माताओं /अधिकृत डीलरों से मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र सं. | सामग्री विवरण | मात्रा | अनुमानित कुल लागत रुपये | बोली प्रतिभूति (राशि रुपये) | बोली प्रपत्र शुल्क (राशि रुपये) | निविदा विक्रय करने की दिनांक एवं अन्तिम दिनांक व समय | निविदा दस्तावेज प्रस्तुत कराने की अन्तिम दिनांक व समय | निविदा (तकनीकी) खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **COMPUTER**<br>• 12 Gen Intel Core TM i5-12400<br>• 16 GB RAM<br>• 512 GB SSD<br>• Windows 11 Home<br>• WIFI+BT<br>21.5" LED MONITER WITH MONITER ,KEYBOARD AS PER APPROVED BY procurement committee<br>(make HP, Dell or equivalent) | 05 | 3.25 लाख | 7700/- | 200/- | 26.06. 2025 से 02.07. 2025 तक | 02.07. 2025 अपराहन् 06:00 बजे तक | 03.07. 2025 समय 02:00 बजे |
| 2 | **LASER PRINTER (PRINT,COPY,SCAN)**<br>• MEMORY STORAGE CAPACITY-256 MB<br>• HARDWARE INTERFACE-WIRE/WIRELESS<br>• MAX SINGLE SIDE PRINTSPEED MONOCHROME-33<br>• PRINTER OUTPUT TYPE-MONOCHROME<br>• PRINTING TECHNOLOGY-LASER<br>• PRINTING-DUAL SIDE<br>• PRINTER MEDIA SIZE-A4,B5,A6,DL,ENVELOPE,LEGAL LETTER ETC.<br>• RESOLUTION-1200X1200 DPI<br>AS PER APPROVED BY procurement committee<br>(make HP, canon or equivalent) | 02 | 60 हजार | | | | | |

1. निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज, विभाग की वेबसाइट https://transport.rajasthan.gov.in/content/transportportal/en/jaipur-bus.html एवं राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http.//sppp. rajasthan. gov. in. nic पर देखा जा सकता है।
2. बोली प्रतिभूति आवेदन शुल्क हेतु डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक " **JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LTD** " के नाम देय होगा जिसे तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 02.07.2025 को 06:00 बजे तक जमा कराना होगा।
3. निविदाऐ तकनीकी निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय बोली प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में बन्द कर, दोनो लिफाफे पर स्पष्ट पठनीय बडे अक्षरों नामांकन (तकनीकी निविदा प्रपत्र तथा वित्तीय निविदा प्रपत्र) कर प्रस्तुत करनी होगी।
4. तकनीकी बिड दिनांक 03.07.2025 को 02.00 बजे जेसीटीएसएल जयपुर में उपस्थित बोलीदाता /संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की वित्तीय बोली तत्पश्चात् निर्धारित तिथि को खोली जायेगी।
5. किसी निविदा को स्वीकार/ अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का अधिकार जेसीटीएसएल जयपुर के पास सुरक्षित है।

मुख्य वित्तीय अधिकारी
जेसीटीएसएल,जयपुर

क्रमांकः-प्र.नि./जेसीटीएसएल/स्टोर/2025-26/डी- 1133 दिनांकः 26 / 06 / 2025

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-**

1. सहायक लेखाधिकारी , जेसीटीएसएल, जयपुर।
2. मैसर्स..................................
3. नोटिस बोर्ड
4. रक्षित पत्रावली।

मुख्य वित्तीय अधिकारी
जेसीटीएसएल,जयपुर

## निविदा की शर्ते

1. निविदा सूचना संख्या 01/2022-23 अनुसार जेसीटीएसएल कार्यालय हेतु 05 कम्प्यूटर, 02 प्रिन्टर आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया ऑफ लाइन होगी। निविदा प्रपत्र को वेबसाइट www.//sppp.rajasthan.gov.in. से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदको को सील बन्द एकल निविदा दो लिफाफो में (तकनीकी एवं वित्तीय) विभाग में प्रस्तुत करनी होगी।
2. निविदा खोलने की दिनांक को किसी कारणवश यदि निविदायें नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को निविदायें खोलने का कार्य किया जावेगा।
3. निविदा संबंधि कार्य में निर्धारित व्यवहार करने वाली फर्म ही प्रस्तुत करे जिसका घोषणा पत्र देना होगा।
4. इस निविदा को विभाग की www.//sppp. rajasthan. gov. in. पर देखा जा सकता है।
5. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क, धरोहर राशि हेतु निम्नलिखित राशि के डी.डी./बैंकर चैक की मूल प्रति में निर्धारित समय से पूर्व जमा करवाना आवश्यक है। इनका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | शुल्क विवरण | शुल्क राशि | भुगतान प्रकार | देय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क | 200/- | डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक | **" JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LTD "** |
| 2 | बोली प्रतिभूति राशि (Bid Security) | 7700/- (बिड मूल्य का 2 प्रतिशत ) | डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक | **" JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LTD "** |

6. निविदादाता निविदा शुल्क बोली प्रतिभूति राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट /बैंकर चैक की मूल प्रति लिफाफे में प्रस्तुत करेगे जिस पर कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर क्रय हेतु निविदा सूचना क्रमांक, निविदादाता का नाम एवं मोबाइल नम्बर अंकित होने आवश्यक है।
7. निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ एवं संलग्न किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने अनिवार्य है।
8. निविदा में निविदादाताओं से अन्तर राशि परफोरमेन्स सिक्यूरिटी के रूप में प्राप्त करने के पश्चात् ही स्वीकृति निविदा का कार्यादेश दिया जायेगा।
9. समस्त निविदा कार्य पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 लागू होगे।

10. निविदा प्रस्तुत करने वाली इच्छुक फर्म/ संस्था द्वारा तकनीकी व वित्तीय दोनो प्रपत्र पृथक–पृथक भरना अनिवार्य है।

11. तकनीकी निविदा से संबंधित दस्तावेज केवल तकनीकी निविदा ANNEXURE-1 में किया जावे एवं निविदा की दरें वित्तीय निविदा ANNEXURE-2 में ही करनी होगी।

12. उपापन समिति के द्वारा निरीक्षण पश्चात् निर्धारित मापदण्ड के अभाव में निविदा तकनीकी रूप से विफल मानी जायेगी एवं संवेदक की वित्तीय बिड नही खोली जायेगी।

13. सभी शर्ते ANNEXURE एवं अन्य दस्तावेज हस्ताक्षर व मोहर सहित अनिवार्य रूप से होगें।

14. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार जेसीटीएसएल जयपुर को रहेगा।

## –:अन्य शर्तेः–

1. यह निविदा द्वि–प्रक्रमी –बोली पद्धति के अन्तर्गत आमंत्रित की जा रही है। तकनीकी बिड परिशिष्ठ–I वित्तीय बिड परिशिष्ठ–II में पृथक प्रस्तुत करनी होगी। उसमें कोई काट–छांट ना हो।

2. कार्य की अनुमानित लागत राशि रूपये 3.85 लाख है। दरें गन्तव्य स्थान पर एफ. ओ. आर. (FOR) उद्धत की जानी चाहिए तथा उसमें सभी अनुषांगिक प्रभारों (Incidental Charge) को शामिल करना होगा। किन्तु माल एवं सेवाकर (GST) को शामिल न करके उन्हें अलग से दिखाया जायेगा। स्थानीय प्रदायों (Supplies) के मामलें में दरों समस्त कर आदि शामिल होगे तथा विभाग कोई गाडी भाडा, कार्टेज या परिवहन प्रभारों का भुगतान नही किया जायेगा। माल की सुपुर्दगी एफ. ओ. आर. डेस्टीनेशन (Annexure) जिसमें कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर क्रय तथा स्थापित किया जाना सम्मिलित होगा।

3. प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जायेगी एवं तकनीकी बिड में सफल निविदादाओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।

4. निविदादाता को अपनी दरें संलग्न सूची परिशिष्ठ–II अनुसार ही प्रस्तुत करनी होगी।

5.निर्धारित दिनांक को तकनीकी बिड खोलने के बाद विभागीय उपापन समिति द्वारा परीक्षण करने पर तकनीकी रूप से योग्य पाये जाने वाले निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोली जायेगी।

6.निविदादाताओं को अपने कार्यालय /निवास के दूरभाष नम्बर निविदा में देने होगे ताकि आवश्यक परिस्थितियों में दूरभाष पर संपर्क किया जा सके।

7.निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किया जाये।

8.सफल बिडदाता को बिड मूल्य में 5 प्रतिशत राशि बतौर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि डीडी/ बैंकर चैक के माध्यम से दर स्वीकृति की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर जमा कराने होगे।

9.सफल बिडदाता को दर स्वीकृति की दिनांक से सात दिवस के भीतर 500/- रूपये के नॉन जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर निर्धारित प्रपत्र में स्वयं के खर्च पर अनुबंध निष्पादित करने पर कार्यादेश दिया जावेगा। जिसकी मूल प्रति (स्टाम्प शुदा) इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

10.निविदा स्वीकृति एवं अस्वीकृति के सम्बन्ध में जेसीटीएसएल, जयपुर का निर्णय अन्तिम व बाध्यकारी होगा।

11.निविदा दरों की इकाई जैसे प्रति आईटम्स /प्रति नग आदि स्पष्ट लिखा जावे।

12.संवेदक को कार्यादेश दिए जाने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में सम्पूर्ण माल सप्लाई करना होगा। यदि बोलीदाता उक्त अवधि में आपूर्ति करने में असफल रहता है, तो विलम्ब से आपूर्ति पर सा.वि.ले.नि. अनुसार परिसमापित नुकसानी (Liquidated Damage) की वसूली निम्नानुसार की जायेगी।

| N.O. | Condition | Liquidated Damage |
|---|---|---|
| a | Delay up to one fourth period of the prescribed delivery period / commencement of work. | 2.5% |
| b | Delay exceeding one fourth but not exceeding half of the prescribed period/ commencement of work. | 5.0% |
| c | Delay exceeding half but not exceeding three fourth of the prescribed period / commencement of work. | 7.5% |
| d | Delay exceeding three fourth of the prescribed period / commencement of work. | 10% |

13.बिडदाता की उक्त बिड में सम्मिलित शर्तो के अलावा अन्य कोई भिन्न शर्त स्वीकार्य नहीं होगी।

14. सफल बिडदाता की जिम्मेदारी है कि वह GST का भुगतान करें। जिसका अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा।

15.निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाली बिडो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

16.किसी भी बिड अथवा बिडों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार जेसीटीएसएल, जयपुर का होगा।

17.बिड सम्बन्धि किसी भी निर्णय के विरूद्ध प्रथम अपील जेसीटीएसएल, जयपुर एवं द्वितीय अपील शासन सचिव को की जा सकेगी।

18.कार्य सम्पादन प्रतिभूति –निक्षेप का समपहरण –कार्य सम्पादन प्रतिभूति की राशि पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहत किया जाएगाः–

(क) जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।

(ख) जब संवेदक सम्पूर्ण कार्य संतोषजनक ढंग से करने में असफल हो।

(ग) कार्य सम्पादन प्रतिभूति निक्षेप को समपहत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा।

19.अधिसूचना संख्या प.1(8)वित्त/साविलेनि/2011 दिनांक 19.11.2015 समय–समय पर संशोधित प्रभावशील रहेगी।

20.भुगतान :–अनुमोदित बोली दाता प्रदान की गई सामग्री के भुगतान हेतु अनुमोदित दरों के अनुसार दो प्रतियों में बिल प्रस्तुत करेगा, भुगतान हेतु वांछित सभी सूचनाए यथा पेन नम्बर, बैंक का नाम,IFSC Code, खाता नम्बर, बिल पर प्रिन्ट या मोहर लगा कर उपलब्ध करायेगा।

21.बोलीदाता अपनी संविदा या उसके सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी को सबलेट नही करेगा।

22.निविदा शुल्क की राशि वापिस नही दी जायेगी।

23.निविदा प्रस्तुत करने के लिए सभी व्यय संवेदक द्वारा वहन किया जायेगा।

24.निविदा शुल्क 200/-का डिमाण्ड ड्राफ्ट /बैंकर चैक **" JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LTD"** के नाम प्रस्तुत करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट /बैंकर चैक की स्केन प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करनी होगी एवं मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट /बैंकर चैक आवेदन के साथ दिनांक 02.07.2025 को 06:00 बजे तक जेसीटीएसएल जयपुर में प्रस्तुत करनी होगी।

25.असफल बोलीदाता की प्रतिभूति बोली राशि का प्रतिदाय अन्तिम रूप से बोली को स्वीकार करने बाद यथाशीघ्र लौटायी जायेगी।

26.निविदा 30 दिवस अवधि तक के लिए विधि मान्य होगी।

-: निविदा प्रपत्र में संसोधन:-

27.निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तारीख तक प्रशासनिक तकनीकी किसी भी कारण से निविदा मे संशोधन कर सकती है जो www.//sppp.rajasthan.gov.in. पर अपलोड किया जायेगा।

28.संशोधन मूल निविदा प्रपत्र का भाग माना जायेगा।

29.अत्यन्त अव्यवहारिक दरे प्राप्त होने की दशा में न्यूनतम दर बोली बोलीदाता की दरों का स्वीकार किया जाना बाध्यकारी नही होगा।

-:मूल्यांकन कसौटी एवं अनुबन्ध योग्यता निर्धारण प्रक्रिया:-

30.सर्वप्रथम बोलीदाताओं की तकनीकी बोली समिति द्वारा खोली जायेगी। तकनीकी बोली में सफल पाये गये बोलीदाताओं की ही वित्तीय बोली खोली जावेगी। उपापन की जा रही प्रत्येक आईटम्स में जो बोलीदाता न्यूनतम /सर्वाधिक लाभप्रद होगा उसकी दरें स्वीकार की जायेगी।

31.राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम एवं नियम 2013 में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार बोलीदाताओं से बातचीत भी की जा सकती है।

32.दरों का प्रस्ताव आईटम्स वाईज देना अनिवार्य होगा।

33.दरें नियत स्थान पर शब्दों एवं अंको दोनो में लिखी जाएगी। दरें सभी कर सहित दिखाया जाना अनिवार्य है।

34.किसी भी कारण से कर/प्रभार की दरों में वृद्धि होने पर भी अनुबन्धित दर में किसी प्रकार की वृद्धि स्वीकार्य नही होगी।

35.बोली प्रतिभूति राशिः–प्रतिभूति राशि का निर्धारण अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत के बराबर किया जायेगा। बोली के साथ बोली प्रतिभूति प्रस्तुत की जायेगी। बोली प्रतिभूति राशि के बिना बोलियों पर विचार नही किया जायेगा। यह राशि " **JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LTD** " के पक्ष में बैंकर चैक /मांगदेय ड्राफ्ट के माध्यम से दिनांक 02.07.2025 को 06:00 बजे तक जेसीटीएसएल जयपुर मे जमा कराना होगा।

36.बोली प्रतिभूति राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहत कर लिया जायेगाः–

(1) जब बोलीदाता बोली खोलने के बाद किन्तु बोली को स्वीकार के पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता है।

(2) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को यदि कोई हो निष्पादित नही करता है।

37.कार्य सम्पादन प्रतिभूति का समपहरण (performance security) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि को बोली की शर्तो का उल्लंघन करने पर समपहृत किया जायेगा।

38.निविदा एवं निविदा संविदा अवधि में सफल बोलीदाता एवं जेसीटीएसएल आयुक्त, जयपुर के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो जेसीटीएसएल, जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा।

39.सभी प्रकार के कानूनी वाद जयपुर स्थित न्यायालयों में ही प्रस्तुत किये जा सकेगे।

40.सफल बोलीदाता /अनुबंधकर्ता द्वारा सप्लाई किये जाने वाले सामान को सही स्थिति में कार्यालय तक पहुचाने का दायित्व अनुबंधकर्ता का होगा। परिवाहन के दौरान हुई किसी भी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी अनुबंधकर्ता की होगी।

41. आपूर्ति किये गये सामान की Defect Liability Period (DLP) आपूर्ति की गई दिनांक से 06 माह होगी। Defect Liability Period (DLP) के पश्चात् ही आपूर्ति किये गये सामान में कोई भी खराबी नही होने की स्थिति में कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि को लौटाया जा सकेगा।

## –:भुगतान:–

42.किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जाएगा।

43.राशि का भुगतान, पूर्ण एवं सही हालात में सामग्री प्राप्त होने पर उपापन समिति के तकनीकी सदस्य के द्वारा निरीक्षण कर मापदण्डों के अनुसार सत्यापन एवं सुचारू रूप से कार्य करने के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर किया जायेगा।

44.विभाग द्वारा फर्म के बिलों से नियमानुसार आयकर एवं अन्य कटौति की जायेगी।

45.जब तक पक्षकारों के मध्य, अन्यथा सहमति न हो जाए, सामान की सुपुर्दगी के लिए भुगतान बोलीदाता द्वारा केता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जाएगा तथा सभी प्रेषण प्रभार बोलीदाता द्वारा वहन किए जायेगे।

46.समस्त निविदा शर्तो का अध्ययन कर लिया है तथा इनमें सहमत हूं एवं इनका पालन करने का वचन देता हूं।

दिनांक

हस्ताक्षर बिडदाता मय मोहर

पूर्ण पता..............................................

........................................................

## ANNEXURE-I

(तकनीकी बोली प्रपत्र)

| क्र. सं. | दस्तावेजो का विवरण | संलग्नक | संलग्न है या नही |
|---|---|---|---|
| 1 | पेन का नम्बर एवं छायाप्रति | प्रमाण पत्र संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |
| 2 | जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर एवं छायाप्रति | प्रमाण पत्र संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |
| 3 | उद्योग आधार/उद्यमिता ज्ञापन भाग-2 की अभिस्वीकृति। | छायाप्रति प्रमाण पत्र संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |
| 4 | गत तीन वित्तीय वर्षो 2022-2023, 2023-2024 तथा 2024-2025 में से केन्द्र/ राज्य के विभाग/ उपक्रम /बोर्ड /बैंक /विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर सफलतापूर्वक उपलब्ध कराने का अनुभव होना आवश्यक है। | कार्यादेश /सफलतापूर्वक आपूर्ति करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें। पृष्ठ संख्या | |
| 5 | बिड सिक्योरिटी राशि 7700/- 2 प्रतिशत (कार्य की अनुमानित लागत 3.85 लाख) | डी.डी./RTGS/FDR संख्या........... दिनांक...... संलग्न करे। | |
| 6 | फर्म को कभी ब्लैकलिस्ट नही किया गया है, इस हेतु 100 रुपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र | संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |
| 7 | स्पेसिफिकेशन /ब्रोशर | संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |
| 8 | जी.एस.टी/बिक्रीकर चुकती प्रमाण पत्र | संलग्न करे। पृष्ठ संख्या | |

हस्ताक्षर बिडदाता मय मोहर

पूर्ण पता....................................

.................................................

# ANNEXURE-II

1.बिड प्रस्तुत करने वाली फर्म /व्यक्ति का नाम, पता व दूरभाष नम्बर.........................
.......................................................बैंक का खाता संख्या........................ब्रांच का नाम .................................PAN NO.............................IFSC CODE.....................

2.निविदा जिसको प्रस्तुत करनी है प्रबंध निदेशक,जेसीटीएसएल, जयपुर।

3.संदर्भ बिड संख्या ...............दिनांक...........................

4.बिड प्रपत्र शुल्क की राशि 200/- डीडी /बैंकर चैक संख्या .........दिनांक ............. के द्वारा जमा करा दी गयी है।

मैं उपरोक्त बिड सूचना..........दिनांक......... के अनुसार निम्नलिखित (FOR) दरें प्रस्तुत करता हू।..........................................................

## वित्तीय बिड BOQ

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | दर प्रति नग (समस्त कर सहित ) | कुल योग (समस्त कर सहित ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **COMPUTER**<br>• 12 Gen Intel Core TM i5-12400<br>• 16 GB RAM<br>• 512 GB SSD<br>• Windows 11 Home<br>• WIFI+BT<br>21.5" LED MONITER WITH MONITER ,KEYBOARD AS PER APPROVED BY procurement committee<br>(make HP, Dell or equivalent) | 5 | | |
| 2 | **LASER PRINTER (PRINT,COPY,SCAN)**<br>• MEMORY STORAGE CAPACITY-256 MB<br>• HARDWARE INTERFACE-WIRE/WIRELESS<br>• MAX SINGLE SIDE PRINTSPEED MONOCHROME-33<br>• PRINTER OUTPUT TYPE- MONOCHROME<br>• PRINTING TECHNOLOGY-LASER<br>• PRINTING-DUAL SIDE<br>• PRINTER MEDIA SIZE-A4,B5,A6,DL,ENVELOPE,LEGAL LETTER ETC.<br>• RESOLUTION-1200X1200 DPI<br>AS PER APPROVED BY procurement committee<br>(make HP, canon or equivalent) | 2 | | |

हम बोली सूचना तथा संलग्न बिड प्रपत्र की समस्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है एवं इसके सभी पृष्ठों पर प्रमाणस्वरूप हमने हस्ताक्षर कर दिये है।

हस्ताक्षर बिडदाता मय मोहर

पूर्ण पता...................................

..............................................